डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक शुक्ल पक्ष 03- 2083 | भोपाल,दिन शुक्रवार, दिनांक 13 नवम्बर,2026

न्यूज गैलरी

फर्जी टीईटी बयान वायरल, शिक्षक संघ ने की शिकायत

भोपाल। प्रदेशाध्यक्ष सौ. तेजवीर सिंह राठौड़ के नाम से टीईटी संबंधी फर्जी बयान वायरल होने पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने साइबर सेल में शिकायत की है। प्रांतीय महामंत्री सर्वेश गुप्ता के मुताबिक, 10 नवंबर को भोपाल रजत्सागर की पोस्ट शेयर हुई थी। इसमें प्रदेशाध्यक्ष के नाम से बयान था। डॉ. राधेश 13 अक्टूबर से ऑपरेशन के बाद गंगोर वीरवती के उच्चतर बंसल अस्पताल में भर्ती हैं। गुरुवार को संघ प्रतिनिधिमंडल ने एडीजी को आवेदन देकर फेक, संबंधित मीडिया अकाउंट और आईपी एड्रेस की जांच की मांग की।

रेलवे गोदाम में ट्रक ड्राइवर का शव फंदे पर मिला

भोपाल। निशातपुरा रेलवे स्टेशन के गोदाम में गुरुवार सुबह ट्रक ड्राइवर संतोष पैकरा का शव फंदे पर लटका मिला। वह मंडीबामोरा के जरतोली का निवासी था और पत्नी-बेटी के साथ रेल नगर में रहता था। संतोष सीमेंट लोड ट्रक से गोदाम में माल पहुंचाता था। साथियों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं।

कर्ज चुकाने के बाद बंधक संपत्ति छुड़ाने के लिए रजिस्ट्री ऑफिस नहीं जाना होगा

भोपाल। मध्यप्रदेश में बैंक या वित्तीय संस्था का कर्ज चुकाने के बाद बंधक संपत्ति मुक्त कराने की प्रक्रिया आसान होगी। अब बैंक का अधिकृत अधिकारी जरूरी दस्तावेज जमा कराएगा। इसके लिए पक्षकारों की व्यक्तिगत उपस्थिति जरूरी नहीं होगी। राष्ट्रपति ने वित्तायसाथा से पारित रजिस्ट्रीकरण (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक, 2025 को 13 अक्टूबर को मंजूरी दे दी है। विधानसभा ने इसे 6 अगस्त 2025 को पारित किया था। नई व्यवस्था के लिए जल्द आदेश जारी होंगे।

दीपावली मिलन

भारत की सफलता की कहानियां दुनिया तक

2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य असंभव नहीं, नशे के खिलाफ अभियान में भी मांगा सहयोग

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

'दीपावली मिलन समारोह में पत्रकारों से बोले पीएम, 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य असंभव नहीं, नशे के खिलाफ अभियान में भी मांगा सहयोग'



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली से पहले की उपलब्धियों, विकास और बदलाव की विस्तृत कहानियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान केवल आर्थिक ताकत और बिजनस से नहीं बनती, बल्कि दुनिया के सामने देश की संस्कृति किस तरह प्रस्तुत की जाती है, यह भी महत्वपूर्ण है। भारतीय सीमेंटिया अपनी पहुंच और प्रभाव के जरिए देश की सकारात्मक छवि को दुनिया तक पहुंचा सकता है। प्रधानमंत्री ने नशे के खिलाफ देश की लड़ाई में भी मीडिया से सक्रिय सहयोग मांगा।

प्रधानमंत्री गुरुवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में छात्र दिन संवाद संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणी और चीनल के ढाक्य संपादक डॉ. हिन्दू हितैषी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पार्टी के कार्यक्रम में शामिल हुए।

2047 का लक्ष्य ध्यान में रखकर काम करे मीडिया

मोदी ने कहा कि भारत आजादी की 100 वर्ष पूरे होने पर 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। लक्ष्य की समय-सीमा तय होने से प्रत्येकनिकाएं और काम करने की गति बदल जाती है। यह बात व्यक्ति, संस्था और देश सभी पर लागू होती है। मीडिया भी अपनी कार्यप्रणाली में विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर सकारात्मक सुनिश्चित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता परिणामों को बेहतर बनाती है। भारत जिस गति से प्रगति कर रहा है, उसे देखते हुए विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य असंभव नहीं है।

12 साल में सौर ऊर्जा क्षमता 50 गुना बढ़ी

प्रधानमंत्री ने देश की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 50 गुना बढ़ी है। इसी अवधि में देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाकर उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिभाशाली युवाओं और नवाचार की कमी नहीं है। जरूरत इनको उपयुक्त मंच और प्रोत्साहन उपलब्ध कराने की है।

फिल्मों और कंटेंट से बनती है देश की पहचान

मोदी ने भारतीय फिल्मों और कंटेंट की भूमिका पर कहा कि कोई फिल्म भी दुनिया में किसी देश की छवि बदल सकती है। इसलिए भारतीय फिल्मों, कलाकारों और अन्य सस्थानों में देश की उपलब्धियों, वीरता और सकारात्मक बदलावों को जगह मिलनी चाहिए। मीडिया को भारत की पारंपरिक प्रणाली और संस्कारों की कहानियां प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने एनडीए सरकार के कार्यकाल में गरीबी कम करने और गरीबों के जीवन में बदलाव लाने के प्रयासों का भी उल्लेख किया। एनडीमें स्पष्ट किया कि देश को आगे बढ़ाने के लिए सभी क्षेत्रों का समग्रित प्रयास जरूरी है।

लोकार्पण के 6 महीने में ही सांदीपनि स्कूलों की बिल्डिंगों में आई दरारें

150 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बने स्कूलों में घटिया निर्माण के आरोप

डीआर संवाददाता॥ खजूर

मध्यप्रदेश में करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए नये सांदीपनि स्कूलों के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। महली क्षेत्रों के बाद ही कई स्कूलों की चमकदार इमारतों में निर्माण संबंधी खामियां सामने आई हैं। सागर, शिवपुरी, आगर-मालवा और रतलाम में नहीं डॉक्टरेट की सीटें और दरवाजे टूट गए, तो कहीं दीवारों में दरारें और छतों से पानी का रिसाव होने लगा। कुछ स्कूलों में बिजली के उपकरण भी खराब हो गए हैं।

नरयावली स्कूल में छह महीने में टूटे दरवाजे

सागर जिले के नरयावली स्थित सांदीपनि स्कूल पर 27 40 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 25 जुलै ल को इसका लोकार्पण किया था। लोकेन कुछ ही महीनों में हालातेल की सीलें, पार्टिशन के पाथर और दरवाजे टूट गए। स्टील की रेलिंग भी क्षतिग्रस्त हैं। छतोंऔर दीवारों और ऑडिटोरियम से पानी रिसने के निशान हैं। खेल मैदान का काम भी अधूरा है।

शिवपुरी में एसी-पंखे खराब

शिवपुरी के सांदीपनि स्कूल पर 42.50 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। यहां पांच एसी, 15 पंखे, छह ट्यूबलाइट और दो एलईडी खराब हो चुके हैं। टाइल्स, दरवाजों, खिड़कियों और सीमेंटेड पाइप में भी समस्याएं सामने आई हैं।

आगर-मालवा और रतलाम में भी खामियां

नलखेड़ा (आगर-मालवा) के स्कूल पर 37.10 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। यहां दरवाजों की गुणवत्ता खराब होने के साथ दीवारों में दरारें और पानी का रिसाव मिला। पुस्तकालय और प्रयोगशाला में भी सुविधाओं की कमी है। यही हालात के मिलौदा में 4060 करोड़ रुपए की लागत वाला स्कूल 18 महीने में पूरा होना था, लेकिन 40 महीने बाद भी केवल ढांचा तैयार हो सका है। कई, बिजली फिटिंग और अन्य कार्य अधूरे हैं।

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ आज से, जगमगाएंगे भोपाल के घाट

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

2100 दीपों से होगा दीपदान, 80 स्थानों पर पूजा की व्यवस्था, कमला पार्क से बरखेड़ा तक तैयारियां पूरी, लोकगीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगी पर्व की शाम

लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। घरों को लेकर व्यवस्थाएं के विभिन्न घाटों पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कमला पार्क, बरखेड़ा पेल स्थित दुशासन तालाब, सरसू सरोवर और पांच नंबर तालाब सहित प्रमुख घाटों पर साफ-सफाई, विद्युत सजावट, पूजा वेदियों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के इंतजाम किए गए हैं। घाटों पर छठी माइया के पारंपरिक गीतों, भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उत्सव का माहौल बनेगा। लोकगायिका की गायिका मंजू देवी और कलाकार मो. बिस्मिल्लाह खान सहित कई स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

छठ व्रतियों के लिए निःशुल्क गेहूं, पिसाई

मंजूरी एकता नगर पार्षदा को और से शहर सेवक सुमन पटेल, लगाया गया सहयोग के लिए 13 घाटों पर 34 तालाब तक गेहूं की निःशुल्क पिसाई की व्यवस्था की गई है। इसमें दुशासन घाटों (एकात्मता) जनरीम तालाब शामिल है।

बरखेड़ा में 558 से अधिक पूजा वेदियां

समस्ती देवी मंदिर घाट पर, कलेक्टर ने किया सत्यापित

प्रशासन ने घाटों पर 558 से अधिक पूजा वेदियां बनाई गई हैं। व्यवस्थाओं के लिए एसडीएम, निगमित इंजीनियर, तहसीलदार और मंडित अन्य की तैनाती की गई है। 18 और 19 नवंबर को घाटों की पहरेदारी होगी। इसके लिए एक मजिस्ट्रेट, दुई डिप्टी कलेक्टर एवं एक दुजन पुलिस अधिकारी की तैनाती की जाएगी। इसके लिए एक विशेष गश्ती दल का गठन किया जाएगा। इसमें महिला पुलिस की भी तैनाती होगी। पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

बिना अनुमति चुनाव ड्यूटी पर नहीं लगा सकेंगे शिक्षक, लोक शिक्षण

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

स्कूल शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों को अब बिना अनुमति चुनाव संबंधी कार्यों में नहीं लगाया जा सकेगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्रमुखों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। बिना अनुमति शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाने पर संबंधित प्राचार्य और शिक्षक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

आदेशों इतर की धारा 27 के तहत शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना, आपदा राहत और चुनाव कार्यों में ही लगाई जा सकती है। मुख्य लोक अधिकारी



(बीएलओ) का काम स्कूल समय के बाद अथवा अवकाश के दिनों में ही कराया जा सकेगा।

प्रदेश में 50 हजार शिक्षक बीएलओ

प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 60 हजार मतदान केंद्र हैं। इसके बूथ पर एक बीएलओ नियुक्त है। प्रशासनिक अधिकारी के अनुसार, इनमें 75 से 80 प्रतिशत यानी करीब 50 हजार बीएलओ सरकारी शिक्षक हैं। शेष घरों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी और पंचायत सचिव तैनात हैं।

प्रदेश के 2.50 लाख नियमित शिक्षकों में से लगभग 18 प्रतिशत शिक्षक सहायक मतदाता सूची संबंधी कार्यों में लगे रहते हैं। विशेष पुनरीक्षण और चुनाव के दौरान सुपरवाइजर व सहायक की ड्यूटी जोड़ने पर यह संख्या 60 हजार से अधिक हो जाती है।

आज से ,साझा ताना-बाना, में दिखेगी मुस्लिम विरासत

भोपाल। हिंदुस्तान की साझा संस्कृति और मुस्लिम समाज की ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराने के लिए 13 से 16 नवंबर तक ताज-उल-मसाजिदि खाड़ेबेरी पार्टक में ‘साझा ताना-बाना’ आयोजन होगा। इंडियन हिस्टरी कोलेक्ट की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम दोपहर 3 से रात 9 बजे तक चलेगा। इसमें ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों और इमारतों के चित्र प्रदर्शित होंगे। 360 डिग्री तकनीक से दर्शक इतिहास को अनुभव कर सकेंगे।

मनमाना किराया वसूलने वाली बसों के परमिट होंगे रद्द, बसें भी होंगी जब्त

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

दीपावली सहित त्योहारों के दौरान यात्रियों से निर्धारित किराए से अधिक भाड़ा वसूलने वाले बस संचालकों पर अब परिवहन विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। ऐसी बसों जो तय करने के साथ उनके परमिट रद्द करने की तैयारी की गई है। परिवहन आयुक्त कार्यालय ने 10 नवंबर को प्रदेश के सभी जिला परिवहन अधिकारियों (आरटीओ) को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

आदेश के अनुसार, ऑल इंडिया परमिट वाली बसों में अधिक किराया वसूलने की शिकायतों की जांच एवं उनकी पुष्टि की जाएगी। इसके बाद संबंधित बसों जो उच्च कर परमिट निरस्तीकरण की अनुशंसा परिवहन आयुक्त कार्यालय को भेजी जाएगी। परिणाम रद्द करने का अधिकार आरटीओ के पास नहीं होने के कारण अंतिम कार्रवाई परिवहन आयुक्त कार्यालय करेगा।

दैनिक–ग्वालियर के लिए बढ़ाने 5 हजार रुपए

दीपावली के दौरान इस संचालकों ने यात्रियों से मनमाना किराया वसूला था।

रीवा और ग्वालियर के लिए यात्रियों से 5 हजार रुपए तक किराया लिया जा रहा था। जबकि सामान्य दिनों में यह किराया हवाई यात्रा से भी अधिक हो गया था। शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने प्रदेश के 30 जिलों में जांच अधिकारी नियुक्त किए थे। जांच दल ने कई बसों पर कार्रवाई की थी।

परिवहन विभाग के अनुसार निर्धारित किराए से अधिक वसूली करना परमिट की शर्तों का उल्लंघन है। परिवहन आयुक्त उमेश जोगा ने इस पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

फ्लैट तोड़ने के विरोध में महिलाओं के चूहामार जहर खाने का दावा

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

एशवाग थाना क्षेत्र के जनता क्वार्टर में क्वार्टर फ्लैटों को तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कुछ महिलाओं के चूहामार जहर खाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, घटना की पुलिस स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि उस करीब 10 बजे तक न तो जनता क्वार्टर से और न ही किसी अस्पताल से इस तरह के मामले की जानकारी मिली थी।

जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ महिलाएं आंटी से जाती दिखाई दे रही हैं। वीडियो में उनकी उपस्थिति साफ होने और उन्हें उल्टियां करने के दृश्य भी नजर आ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इन महिलाओं ने जनता क्वार्टर के फ्लैट तोड़े जाने के विरोध में चूहामार जहर खाया है। हालांकि, वीडियो के आधार पर घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है।

ऐशवाग थाना प्रभारी संदीप पटेल ने बताया कि उन्हें भी सोशल मीडिया के माध्यम से इस मामले की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम को जनता क्वार्टर भेजा गया, लेकिन मौके पर पहुंचकर स्थिति का पता लगाया जा सके। पुलिस को थाना से लेकर में किसी अस्पताल से भी सूचना नहीं मिली थी।

आय साल से जर्जर हैं फ्लैट

जनता क्वार्टर में हाउसिंग बोर्ड द्वारा लगभग एक फ्लैट फिलहाल करीब आठ वर्षों से जर्जर अवस्था में हैं। इसलिये की खतरे वाली स्थिति को देखते हुए आवासीय बोर्ड और नगर निगम ने इन्हें तोड़ने का निर्णय लिया है। वहीं, वहां रहने वाले कई परिवार इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। स्थानीयों का कहना है कि ये आगे सीधूद्वार आवास खाली नहीं करना चाहते।

30 से ज्यादा क्षेत्रों में आज 8 घंटे तक बिजली गुल

भोपाल। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शंकराचार्य नगर, शीतलमाता, हंडासोक, जाधिकाबाद, प्रकाश नगर, गेल नगर, बसंत कुंज, भारत आजाद नगर, छत्रीसगढ़ कॉलोनी, पृथ्वीराज नगर, राजलक्ष्मी पॉवर-3, जनकपुरी, नायपाल सुब हाउसिंग सोसायटी, राजलक्ष्मी कॉलोनी, श्रवण कांता डोग्रा, सागर लेक व्यू और इंद्र विहार बी, सी सेक्टर व पंचवटी। सुबह 11 से दोपहर 2:00 बजे तक राघवेन्द्रा गांव और बागसेवा रोड के आसपास।

प्रकाशित एमपी में प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित, 11 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे-आपत्तियां

4 जनवरी 2027 को जारी होगी अंतिम सूची, 1 जनवरी तक 18 वर्ष के होने वाले युवाओं को भी मिलेगा नाम जुड़वाने का मौका

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मध्यप्रदेश में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत 12 नवंबर को सभी विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों में उपलब्ध है। नागरिक सूची में अपना नाम जांचने के साथ निर्धारित अवधि में नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस संबंध में निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इसमें भाजपा, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए। राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की सीएम कॉपी हार्ड डिस्क के माध्यम से उपलब्ध कराई गई।



11 दिसंबर तक दावे-आपत्तियों का अवसर

निर्वाचन आयोग के निर्देशित कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप मतदाता सूची पर 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। इसके लिए 21–22 नवंबर और 5–6 दिसंबर को विशेष अभियान चलाए जाएंगे। अभियान के दिनों में अभियान आयोजित करने का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को नाम जुड़वाने और सूची में संशोधन कराने का अवसर देना है। प्राप्त दावे और आपत्तियों का निराकरण 25 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

प्रदेश में अब 72,036 मतदान केंद्र

मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के बाद प्रदेश में 127 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जबकि 21 केंद्रों को विलोपित किया गया है। इस बदलाव के बाद मध्यप्रदेश में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 72 हजार 36 हो गई है।

युवाओं के लिए भी नाम जुड़वाने का मौका

एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। नाम जुड़वाने और ईपिक कार्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है। मतदाता सूची से संबंधित जानकारी या सहायता के लिए नागरिक निर्वाचन हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कर्मचारी सेवा के संपर्क कर सकते हैं।

महिला आरक्षण विधेयक के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी

लोकसभा में संशोधन संशोधन प्रस्ताव करने के लिए जरूरत 361 वोट, बजट से 15-16 अतिरिक्त समर्थन मिलने का भरोसा

डीआर संवाददाता॥ नई दिल्ली

महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में केंद्र सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत संविधान संशोधन विधेयक को दो-तिहाई बहुमत से पारित कराने की योजना है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सरकार को भरोसा है कि विधेयक के समर्थन में आवश्यक संख्या से 15 से 16 वोट अधिक मिल सकते हैं। हालांकि, विशेष सत्र की तारीख और अवधि को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है। मौजूदा 543 सदस्यीय लोकसभा में तीन सीटें खाली होने के कारण विशेषज्ञ के लिए 361 वोटों की जरूरत बताई गई है। इससे पहले 17 अप्रैल को बजट सत्र के दौरान इसी तरह का संविधान संशोधन विधेयक पर्याप्त समर्थन नहीं मिलने के कारण पारित नहीं हो पाया था।

लोकसभा की सीटें 850 तक करने का प्रस्ताव

प्रस्तावित संशोधन के तहत परिसीमन के माध्यम से लोकसभा की वर्तमान 543 सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 करने का प्रस्ताव है। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का रास्ता तैयार किया जाएगा।

दक्षिणी राज्यों की चिंताओं पर भी विचार

सरकार के सामने दक्षिणी राज्यों की चिंताओं का समाधान करना भी महत्वपूर्ण है। प्रस्तावित विधेयक के अनुसार सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत तक वृद्धि की जा सकती है। स्रोत ही यहां तो जनगणना के आधार पर राज्यों के बीच मौजूदा सीट अनुपात बनाए रखने के प्रावधान पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

91 दिन से सांसदसत्र नहीं संसद का शीतसूत्र सत्र 13 अगस्त को दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद भी औपचारिक रूप से समाप्त नहीं किया गया है। इसे अब तक सत्रावसान नहीं किया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलूंढा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक शुक्ल पक्ष 03- 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 13 नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

लापता परिवार की तलाश जारी, घर से मिले लाल निशान के नमूने जांच को भेजे

सीहोर। ग्राम खाईखेड़ा से दस दिन पहले लापता हुए पति-पत्नी और उनके बेटे की तलाश के बीच गुरुवार को फॉरेंसिक टीम ने उनके घर पहुंचकर लाल रंग के निशानों के नमूने एकत्र किए। इनों जांच के लिए भेजा गया है। वहीं सामले में सांसद के भेरे में आए ग्रामीणों ने एसपी को आवेदन देकर जमीन विवाद में झूठा फंसाने का आरोप लगाया और परिवार की सुरक्षा मांगी।

युवतियों को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण, 20 नवंबर तक करें आवेदन

सीहोर। महिला एवं बाल विकास विभाग के सशक्त बहिनी अभियान के तहत युवतियों और बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन, कम्प्यूटर और शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 20 नवंबर तक आवेदन कर सकती हैं। आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय, उप जनपद 147, कलेक्ट्रेट परिसर में जमा होंगे।

15 नवंबर को जिले में मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

सीहोर। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को जिले में जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम और सांस्कृतिक रैली आयोजित होगी। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों को व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। रैली में जनजातीय पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्रों, लोकनृत्य और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक दिखाई जाएगी। कार्यक्रम में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों और नायकों को भी याद किया जाएगा।

आबकारी अपराधों पर लगाम लगाने किराए पर लिया जाएगा चार पहिया वाहन

सीहोर। आबकारी अपराधों पर नियंत्रण और गश्तबढ़ाई को प्रभावी बनाने के लिए जिला आबकारी विभाग चार पहिया वाहन अनुबंधित करेगा। इसके लिए ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक निविदाकर्ता 17 नवंबर को दोपहर 2 बजे तक ऑनलाइन ऑफर जमा कर सकेंगे। इसी दिन दोपहर 2:30 बजे गठित समिति की ओर से निविदाएं खोली जाएंगी।

12 नवंबर को लगेंगे संपर्क अभियान शिविर

सीहोर। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और उनकी बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण करने के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान का संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 12 नवंबर को सीहोर संभाग के ग्राम भोवाखेरी, छापरी तालपुरा, आमलानगाबाड़ा, नरसिंहगढ़ एवं इछावर के वार्ड क्रमांक 09 में तथा आष्टा संभाग के आष्टा वार्ड क्रमांक 15 एवं खानखेरापुर में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में बिजली बिल में सुधार, मीटर, सर्विस कॉबल, नए कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

मुहूर्त दीपावली अवकाश के बाद गुलजार हुई सीहोर मंडी, शुभ मुहूर्त में 8100 रुपए बिका सोयाबीन

पहले दिन 10 हजार क्विंटल से अधिक कृषि उपज की आवक, गेहूं 3551 और मक्का 5100 रुपए प्रति क्विंटल

डीआर संवाददाता»सीहोर





दीपावली के अवकाश के बाद गुरुवार को सीहोर कृषि उपज मंडी में एक बार फिर रौनक लौट आई। नए व्यापारिक सत्र की शुरुआत फूला-अर्पण और शुभ मुहूर्त में नीलामी के साथ हुई। पहले ही दिन किसानों को कृषि उपज के आकर्षक भाव मिले। शुभ मुहूर्त में सोयाबीन 8100 रुपए, गेहूं 3551 रुपए और मक्का 5100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। ऊंची बोली लगने से किसानों में उत्साह नजर आया। अवकाश के बाद पहले दिन मंडी में 10 हजार क्विंटल से अधिक विभिन्न कृषि जिंसों की आवक दर्ज की गई। इनमें सोयाबीन की आवक करीब 2500 से 3000 क्विंटल रही। मंडी समिति की ओर से नए व्यापारिक सत्र के शुभारंभ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 8.30 बजे मंडी परिसर स्थित श्री खेलकपरी हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सुबह 9.15 बजे महात्मारी हुई, जिसमें मंडी के अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी और किसान शामिल हुए। स्वाध्यायहार के बाद निर्धारित शुभ मुहूर्त में सुबह 10:30 बजे नीलामी शुरू की गई। परंपरा के अनुसार सबसे पहले बैलगाड़ी और ऑटो से लाई गई उपज की बोली लगाई गई। इसके बाद ट्रैक्टरों में पहुंचे गेहूं, सोयाबीन और मक्का की उपज की नीलामी हुई।

पहले किसान का साफा बांधकर किया सम्मान

मुहूर्त की नीलामी के लिए ग्राम रामनोनिया के किसान विजेंद्र यादव अपनी बैलगाड़ी से उपज लेकर सबसे पहले मंडी पहुंचे। इस अवसर पर मंडी प्रशासन और व्यापारियों ने उनका साफा बांधकर स्वागत किया। उनकी सोयाबीन की उपज की बोली में व्यापारियों ने सलाह दिखाया। अंतत: हनुमान ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मोहन रातौर ने 8100 रुपए प्रति क्विंटल की ऊंची बोली लगाकर मुहूर्त का पहला सौदा किया।

गेहूं और मक्का के भी मिले आकर्षक भाव

सोयाबीन के साथ गेहूं और मक्का की नीलामी में भी व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धी देखने को मिली। शाम ऊंजनहार के किसान पवन जी 30 क्विंटल गेहूं की उपज के लिए कई व्यापारियों ने बोली लगाई। इसमें ऐक किसान इलगनेडगल के प्रोपराइटर जिस राशि ने 3651 रुपए प्रति क्विंटल की बोली लगाकर गेहूं खरीदा। वहीं मक्का का मुहूर्त सौदा 5100 रुपए प्रति क्विंटल पर हुआ।

छह जिलों के किसान पहुंचते हैं मंडी

रीजनल कृषि उपज मंडी समिति ए-ग्रेड सुनेहाजारी और समय पर भुगतान के लिए प्रदेश में विशेष पहचान रखती है। इसकी गेहूं की गुणवत्ता के कारण भी मंडी की पहचान देशभर में है। यहां के व्यापारी सिक्किम राज्यों में इसकी गेहूं की आपूर्ति करते हैं। वर्तमान में मंडी में करीब 250 लाइसेंसी व्यापारी संलेग्न हैं और 95 गांव सीधे मंडी से जुड़े हुए हैं। सीहोर के अलावा रुनवाह, शाजापुर, भोपाल, रायसेन और सिहोर जिले के किसान भी अपनी उपज बेचने यहां पहुंचते हैं। दीपावली अवकाश के बाद पहले ही दिन मंडी अनाज और तरह गाय मिलने से आगामी दिनों में मंडी कारोबार में और तेजी आने की उम्मीद है।

कांग्रेस ने फूंका रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा का पुतला, किसानों पर टिप्पणी को लेकर जताया विरोध



डीआर संवाददाता»धूमनी

रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा किसानों को कथित रूप से गालीबी और नशेड़ी कहकर संबोधित किए जाने के विरोध में गुरुवार को धूमनी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। किसान कांग्रेस के आह्वान पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद का पुतला दहन कर बयान पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन में कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने सांसद के बयान की आलोचना करते हुए नारेबाजी की और पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि किसान देश की अर्थव्यवस्था और खाद्यान्न उत्पादन की रीढ़ हैं। किसान दिन-रात मेहनत कर देश का पेट भरते हैं। ऐसे में उनके लिए इस तरह की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना उचित नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसानों का सम्मान सर्वोपरि है और उनके खिलाफ की गई टिप्पणी का विरोध किया जाएगा।

कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद

प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीना, तारिक पटेल, घनश्यामदास दुबे, मंजीत सिंह राजपूत, गंगाराम अध्यक्ष हरिजन ग्रामीण, नगर अध्यक्ष उमेश ग्वालीया, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, प्रमोद पाठक, इंदरा सिंह अध्यक्ष अमीर पटेल, गिट्टू दुबे, मुन्ना सिलोरा, पुरुषोत्तम मीना, ओमी ग्वालीय, राजकुमार रहे।

नहर में लगाई तीन मोटरें और 40 फीट केबल चोरी, किसान ने थाने में की शिकायत

डीआर संवाददाता»गैरतगंज

खेतों की सिंचाई के लिए नहर से लगाई गई तीन मोटरें और करीब 40 फीट केबल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। ग्राम इकलाय निवासी किसान गरीब कुमार प्रजापति ने गैरतगंज थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने चोरी गए सामान की बरामदगी और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

किसान ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उन्होंने खेतों में सिंचाई के लिए 7.50 हॉर्स पावर की एक और 5-5 हॉर्स पावर की दो मोटरें नहर में लगाई थीं। इन मोटरों के साथ ही करीब 40 फीट केबल भी लगी हुई थी। मंगलवार को जब वह खेत पर पानी पहुंचाने गया तो मोटरें और केबल गायब मिलीं। आसपास के खेतों में भी तलाश की, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला। इसके बाद वह थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

आग में बेटी की शादी का सामान जला, जैन समाज ने परिवार को दी 1.40 लाख रुपए की मदद

डीआर संवाददाता»सीहोर



आजाद वार्ड निवासी सरलालाल जैन के मकान में लगी आग ने घर के सामान के साथ बेटी दीपिका की शादी की तैयारियों को भी बड़ा नुकसान पहुंचाया। घर में रखा विवाह का सामान जलकर नष्ट हो गया। इस सूचित समाज में जैन समाज में आने आकर पीड़ित परिवार को 1 लाख 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देकर संबल प्रदान किया।

घटना के बाद जैन समाज के अध्यक्ष, कमेटी सदस्यों और समाजजनों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया था। इसी क्रम में जैन समाज सीहोर की ओर से 1 लाख 15 हजार रुपए तथा श्री दिगंबर जैन पंचायती परिवार महासभा की ओर से 25 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। इस तरह परिवार को कुल 1 लाख 40 हजार रुपए की आर्थिक मदद सौंपी गई।

इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बेटी दीपिका के विवाह समारोह में भी समाजजन शामिल होंगे और आयोजन को संपन्न कराने में यथासंभव सहयोग करेंगे।

दीपावली अवकाश के बाद मंडियां खुलीं, सीहोर में सोयाबीन

डीआर संवाददाता»सीहोर



दीपावली अवकाश के बाद गुरुवार, 12 नवंबर को सीहोर और राजगढ़ जिले की अनुज कृषि उपज मंडियों में नीलामी शुरू हुई। मंडियां खुलने के पहले दिन किसानों को कई फसलों के अच्छे भाव मिले। सीहोर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 8100 रुपए और न्यूनतम 19400 रुपए प्रति क्विंटल रहा। वहीं नरसिंहगढ़ मंडी में सोयाबीन 7280, न्यूनतम 19100 और अधिक 8000 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। आवकार के बाद कारोबार शुरू होने से किसानों और व्यापारियों में उत्साह दिखाई दिया।

सीहोर मंडी में 6856 क्विंटल आवक

नरसिंहगढ़ में 3281 क्विंटल से अधिक आवक

राजगढ़ जिले की नरसिंहगढ़ मंडी में 3281.50 क्विंटल उपज पहुंची। वहां सोयाबीन 1200 से 7280 रुपए (रेकॉर्ड 8000), गेहूं 2500 से 3051, चनादाल 1000 से 19100, एरंड 625 से 6661, सरसों 5800 से 7580, मसूर 5200 से 6200, धनिया 14250 से 16300, मेथी 5450 से 7150 और मक्का 2690 से 3500 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। दोनों मंडियों में पहले दिन अच्छी आवक और उपने माल को लाभकारी दिनों में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है।

मोहल्ल दिए गए आंकड़ों के अनुसार दोनों मंडियों की कुल आवक 10,137.53 क्विंटल है। सीहोर की नूतन अनाज मंडी और कस्बा-सब्जी मंडी को मिलाकर आवक 6,856 क्विंटल है।

रुसलपुर कृषि उपज मंडी में भी लुभ मुहूर्त में नीलामी शुरू हुई। यहां सोयाबीन 8100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। इस अवसर पर मंडी में उपज बेचकर पहुंचे किसानों का साफा बांधकर सम्मान किया

खेतों में पुतले लगाकर जलाए दीप, मृतकों को दी श्रद्धांजलि घायल किसान को 25 लाख मुआवजा और नौकरी देने की मांग

डीआर संवाददाता»सीहोर



सीहोर। खेतों से गुजर रहे 11 केवी और एलटी बिजली तारों तथा जर्जर खंभों को लेकर किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसान एकाएस मेवाडा के नेतृत्व में डावला मात्र, चंदेरी, बरखेड़ी, रामखेड़ी, ग्वालिडाय और छापरी कला सहित कई गांवों के किसानों ने खेतों में विद्युत मंडल के खिलाफ पुतले लगाए और दीप प्रज्वलन कर हादसों में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी।

किसानों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही से कई रसीर हादसे हो चुके हैं। वर्तमान में मंडी में करीब 250 लाइसेंसी व्यापारी संलेग्न हैं और 95 गांव सीधे मंडी से जुड़े हुए हैं। सीहोर के अलावा रुनवाह, शाजापुर, भोपाल, रायसेन और सिहोर जिले के किसान भी अपनी उपज बेचने यहां पहुंचते हैं। दीपावली अवकाश के बाद पहले ही दिन मंडी अनाज और तरह गाय मिलने से आगामी दिनों में मंडी कारोबार में और तेजी आने की उम्मीद है।

दीपावली के बाद भी गर्मी का असर बरकरार, गुलाबी ठंड का इंतजार बढ़ा

नवंबर के दूसरे सप्ताह में भी मौसम गर्म, दिन में तेज धूप तो रात में पंखों का सहारा दिन का तापमान 30 और रात का 15 डिग्री के आसपास

डीआर संवाददाता» सीहोर



दीपावली का त्योहार बीतने के बाद भी क्षेत्र में मौसम का मिजाज गर्म बना हुआ है। नवंबर का दूसरा सप्ताह चल रहा है, लेकिन अभी तक गुलाबी ठंड ने दस्तक नहीं दी है। आमतौर पर इस समय तक सुबह और शाम हल्की ठंड महसूस होने लगती है, लेकिन इस बार दिन के साथ रात में भी गर्मी का असर बना हुआ है। ऐसे में सेक्टरवासियों को सर्दी शुरू होने का इंतजार है।

मौसंदा तहसील सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से मौसम का सहारा लेना पड़ रहा है। गुरुवार को भी दिनभर तेज धूप का असर बना रहा।

खेती-किसानी पर भी पड़ रहा असर

मौसम के बदले मिजाज का असर खेती-किसानी पर भी दिखाई दे रहा है। किसान रबी सीजन की तैयारियों में जुटे हैं और गेहूं सहित अन्य फसलों की बुवाई का समय नजदीक आ रहा है। किसानों के अनुसार तापमान में गिरावट और मौसम में ठंडक बढ़ने से रबी फसलों की बुवाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी। खासकर गेहूं की फसल के लिए अनुकूल तापमान जरूरी है। ऐसे में किसान मौसम में बदलाव का इंतजार कर रहे हैं।

दिन का तापमान 30, रात का 15 डिग्री

क्षेत्र में कुछवार को अधिकतम तापमान करीब 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान लगभग 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले कई दिनों से तापमान इसी के आसपास बना हुआ है। दिन का पारा 28 से 30 डिग्री के बीच रहने से दोपहर में गर्मी का एहसास हो रहा है। वहीं रात का तापमान भी एक सप्ताह से लिए पर्याप्त गिरावट नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों और बुजुर्गों के अनुसार पिछले वर्षों में इस समय तक सुबह-शाम अच्छी ठंडक महसूस होने लगती थी।

रानी मोहल्ला में जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर में जुआ-सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बीती रात रानी मोहल्ला गंज में जुआ फड़ पर दबिश देकर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15,100 रुपए नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

पुलिस के अनुसार 12 नवंबर की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि रानी मोहल्ला गंज में पुलिस के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने गैरकी पर दबिश देकर इरफान निवासी वासुदेवपुर देवास, सलीम निवासी रानी मोहल्ला, शकील निवासी चुनाभट्ठी, इमरान निवासी रानी मोहल्ला, सफीक निवासी मछली बाजार और इमरान निवासी रानी मोहल्ला गंज को पकड़ लिया।

आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 849/26 के तहत धारा 13 एमिया पैसिफिक एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

पुलिस अधीक्षक सोनाली कलकर्णी के निर्देश पर अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई की

डीआर सीहोर

डिजीटल अखबार

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक शुक्ल पक्ष 03- 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार,दिनांक 13 नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

परम्परागत तरीके से मनेगा छठ महापर्व

सीहोर। नगर में निवासरत भोजपुरी समाज के लोगों द्वारा छठ पूजा की तैयारी शुरू कर दी गई है। जानकारी देते हुए भोजपुरी समाज के सीनियर प्रवक्ता राकेश कुमार शा ने बताया कि सीहोर की शुरुआत शुक्रवार से नहाय-खाय से शुरू होगा। जिसके अन्तर्गत महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा लौकी भात का भोजन कर पूजन की तैयारी शुरू की जायेगी। शनिवार से लगातीस घण्टे का निर्जला उप प्रारंभ होगा। जो कि सोमवार को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात उस का समापन होगा। नगर पालिका के सौजन्य से सीहोर नदी के महिला घाट की साफ-सफाई करवाई जा रही है। इस पावन पर्व में सम्मिलित होने वाले सभी श्रद्धालुओं से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है।

जन विश्वास अभियान के तहत लगेगा शिविर

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 13 नवम्बर को बुदनी में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करना है। शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और नागरिकों को योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

आष्टा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान की माताजी स्वर्गीय कालीबाई की तेरहवीं और श्रद्धांजलि सभा में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भोपाल पहुंचे। उन्होंने दिवंगत कालीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल चौहान परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

पुलिस भर्ती सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण

सीहोर। महिला एवं बाल विकास विभाग के सशक्त बालिनी अभियान के तहत युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं और पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

काम फिर शुरू मल्टीटास्क वर्कर्स के घर नहीं जले दीपावली के दीये, मानदेय नहीं मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल

सिविल अस्पताल के 19 कर्मचारी काम छोड़कर बैठे, बोले- 3-4 महीने में मिलता है एक महीने का भुगतानय बीएमओ ने जारी किए नोटिस

डीआर संवाददाता>>इछावर

इछावर सिविल अस्पताल के 19 कर्मचारी काम छोड़कर बैठे, बोले— 3–4 महीने में मिलता है एक महीने का भुगतानय बीएमओ ने जारी किए नोटिस, हड़ताल के दिनों का वेतन काटने की चेतावनी"

दीपावली का त्योहार जहां हर घर में खुशियां और रोशनी लेकर आता, वहीं इछावर सिविल अस्पताल में कार्यरत 19 मल्टीटास्क वर्कर्स के लिए यह पर्व आर्थिक तंगी के कारण फीका रहा। कई महीनों से मानदेय का नियमित भुगतान नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि संबंधित एजेंसी द्वारा उन्हें समय पर मानदेय नहीं दिया जाता। सिर्फ यह है कि तीन से चार महीने में वेतन एक महीने का भुगतान किया जाता है और बाकी राशि रोक ली जाती है। त्योहार पर पैसा नहीं मिलने के कारण उन्हें घरेलू खर्च चलाने में भी परेशानी हो रही है।

नगर के सिविल अस्पताल में 19 मल्टीटास्क वर्कर्स विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालते हैं। कर्मचारियों के अनुसार, पिछले तीन महीनों से इन्हें मानदेय नहीं मिला है। दीपावली से पहले भुगतान की उम्मीद थी, लेकिन त्योहार निकलने के बाद भी राशि उनके खातों में नहीं पहुंची। इससे नाराज सभी कर्मचारियों ने काम बंद कर अधिष्ठाताकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन नहीं मिलने से ये दीपावली पर त्योहार भी ठीक से नहीं मना पाए। अस्पताल में संचालन संविदा के माध्यम से नियुक्त किया गया है। जब से एजेंसी को काम का ठेका मिला है, तभी से मानदेय भुगतान में अनियमितता बनी हुई है।



भुगतान का दिया था आश्वासन

हड़ताल पर जाने से पहले नवम्बर को कर्मचारियों ने बीएमओ चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या से अवगत कराया था। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उन्हें मल्टीटास्क प्रबंधन एजेंसी रोट मैन के माध्यम से नियुक्त किया गया है। जब से एजेंसी को काम का ठेका मिला है, तभी से मानदेय भुगतान में अनियमितता बनी हुई है।

5 नवंबर तक

कर्मचारियों के मुताबिक, अधिकारियों ने उनसे यह कह कर 5 नवंबर तक मानदेय का भुगतान कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्धारित समय निकलने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। इसके बाद कर्मचारियों ने मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया।

अस्पताल की व्यवस्थाओं पर पड़ रहा असर

19 कर्मचारियों के काम बंद करने से सिविल अस्पताल की व्यवस्थाएं प्रभावित होने लगी हैं। अस्पताल में अन्य वार्ड नर्सों और उनके परिजनों को विभिन्न कार्यों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते अस्पताल प्रबंधन के सामने भी व्यवस्थाएं सुचारू रखने की चुनौती खड़ी हो गई है।

बीएमओ ने जारी किए नोटिस, वेतन काटने की चेतावनी

हड़ताल को लेकर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने कर्मचारियों को नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में कहा गया है कि बिना अनुमति के हड़ताल करना अवैध है और इससे अस्पताल की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अधिकारियों ने काम नहीं तो वेतन नहीं के सिद्धांत के तहत हड़ताल अवधि का वेतन काटने की चेतावनी दी है। साथ ही संबंधित एजेंसी को कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई के लिए पत्र लिखने की बात कही है। हालांकि नोटिस जारी होने के बाद भी कर्मचारी अपनी मांग पर अड़े हुए हैं।

जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान एवं संरक्षण के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित



डीआरसंवाददाता>>सीहोर

मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान एवं उनके संरक्षण के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय वलनेरेबिलिटी मैपिंग प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तकनीकी सहयोगी संस्था उदयम केयर, भोपाल के सहयोग से किया गया।

कार्यशाला में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव धमं, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री शिवु तर्गे और महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार सहित विभिन्न प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस जोखिमग्रस्त बच्चों की रेखा पर पहचान का व्यावहारिक संस्थान एवं सहायता उपलब्ध कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। उदयम केयर के सामाजिक प्रबंधक श्री अंकित कनके एवं श्री विरेन्द्र कुमार जैन ने पैपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वलनेरेबिलिटी मैपिंग की प्रक्रिया, सर्वेक्षण प्रपत्रों एवं अन्य तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों के माध्यम से जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान कर उनकी स्थिति से संबंधित जानकारी अपलिंक की से दर्ज की जा सकती है।

कार्यशाला का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग के परामर्शदाता सुरेश पांचाल ने किया। समापन पर बाल संरक्षण अधिकारी अनिल गोलावा ने अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला से बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य मंडीदीप एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी-कर्मचारी, चिकित्सा संस्थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के प्रधानाई एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

किसान के बाड़े में निकला रेट स्नेक, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

डीआर संवाददाता>>सीहोर



सीहोर के ग्राम बैरागढ़ खुमान में किसान अर्जुन मीणा के बाड़े में रेट स्नेक दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गया। सांप को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम पहुंची और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू कर उसे प्राकृतिक रहवास क्षेत्र में छोड़ दिया।

वन विभाग के अनुसार रेट स्नेक गैर-विषैला होता है। यह चूहों, छिपकलियों और अन्य छोटे जीवों को खाता है। रेस्क्यू में चूहों की संख्या नियंत्रित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए इसे किसानों का प्राकृतिक मित्र भी कहा जाता है।

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि सांप दिखाई देने पर उसे मारने का प्रयास न करें। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दें ताकि सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।

कुबेरेश्वरधाम में 17 नवंबर को मनेगी गोपाष्टमी, 108 भोग से सजेगी गिरिराज गोवर्धन की झांकी

डीआरसंवाददाता>>आष्टा।

दीपोत्सव के बाद कार्तिकशुक्ल तिथि स्थित कुबेरेश्वरधाम में गोपाष्टमी और अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 17 नवंबर को आस्थाधाम कल्पवानल पीठाधिपति प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में यह पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भगवान गिरिराज गोवर्धन की भव्य झांकी सजाकर 56 व्यंजनों के साथ 108 गोग अर्पित किए जाएंगे।

इस बार गोग की विशेषता यह होगी कि पकवानों में स्वाद के साथ पौष्टिकता का भी ध्यान रखा जाएगा। एलर्जी, मधुमेह, अवसाद, दही, फ्रीट, अंपियत पालक, मेथी, हाथकूट और चना सहित अनेकों पुणे वाली लामग्री से विभिन्न व्यंजन तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक प्रकार की मिठाइयां बनाई जाएंगी। श्रद्धालुओं के लिए सुगर की मिठाइयों की भी व्यवस्था रहेगी।

अन्नकूट के लिए सजेगी भव्य झांकी

दिव्यांग सेवा समिति के सीहोर इकाई रमेश दीक्षित गुरु ने बताया कि इस बार भी गाय हुए धन के मंदिर परिसर में जनकपुरी परंपरा और विभिन्न पकवानों की झांकी सजाई जाएगी। श्रद्धालु संकुल को विशेष पूजा अर्चना और आरती के साथ अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति के सदस्य जुटे हैं। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। कार्यक्रम के अनुसार गोपाष्टमी पूजन-अर्चन के बाद गौवंश को 56 प्रकार के व्यंजन खिलाए जाएंगे। सायं 5 बजे से गोवर्धन पूजा और 108 गोग अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। आयोजकों ने बताया कि इस बार 56 प्रकार के व्यंजन बनाए जाएंगे। कार्य-पूजन के बाद श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। आयोजकों ने बताया कि इस बार 56 प्रकार के व्यंजन बनाए जाएंगे। कार्य-पूजन के बाद श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है।

संकल्प वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भेंट किए श्री यंत्र, रामचरितमानस और गीता का भी किया वितरण

डीआर संवाददाता>>सीहोर



शहर के कोतीपुरा स्थित श्री खाकी-तुलसी मंदिर में दीपावली के पावन अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय श्री यंत्र पूजन-अर्चन के समापन के बाद शोभायात्रियों को श्री यंत्र वितरण का शुभारंभ वैकठाधीश स्थित संकल्प वृद्धाश्रम से किया गया। इस अवसर पर सात गद्यादास महाराज, आश्रम संचालक राहुल सिंह, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, यज्ञाचार्य सुगावा व्यास, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन ठेकर सहित अन्य एनजीओ के वृद्धजनों को श्री यंत्र के साथ रामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता और अन्य धार्मिक ग्रंथ भेंट किए।

कार्यक्रम में संत गद्यादास महाराज ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला, नीति और मानव उत्थान का महावृत्त ग्रंथ है। इसके प्रत्येक प्रसंग में जीवन को बेहतर बनाने और समाज को सद्मार्ग पर ले जाने की प्रेरणा मिलती है। उन्हीं श्रीमद्भगवद्गीता मनुष्य को सही मार्ग पर चलने, अपने कर्तव्यों का पालन करने और जीवन में श्रेष्ठ लक्ष्य प्राप्त करने की सीख देती है। धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन व्यक्ति के विचारों को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान महर्षि विश्वामित्र जयंती भी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई। वक्ताओं ने महर्षि विश्वामित्र के जीवन, उनकी कठोर तपस्या और भारतीय संस्कृति में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि विश्वामित्र गायत्री मंत्र के द्रष्टा थे।

काटे के सेमीफाइनल मुकाबले में इछावर ने आष्टा को 5-4 से हराया

डीआर संवाददाता>>सीहोर



जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में मनाए जाने वाले स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहर के चर्च मैदान पर आयोजित सीनियर जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला इछावर ने आष्टा के खिलाफ 5–4 से जीतकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता का फाइनल शुक्रवार को दोपहर 3 बजे खिला जाएगा और मात्र पांच बजे पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

मुकाबला को दोपहर में आरंभ हुए इस रोमांचक दूसरे सेमीफाइनल में इछावर—आष्टा की दोनों ही टीम गेंद के अंत तक 0–0 पर थी, उसके पश्चात पेनल्टी शूट केवर पेनाल्टी के द्वारा किया गया। इसमें इछावर टीम ने आष्टा को 5–4 से हराया। अब सलामी फाइनल में सीहोर बाइज को सामने खेला जाएगा।

बैठक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

पीएम आवास, संबल और स्वनिधि योजना की समीक्षा, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण और स्वरोजगार ऋण वितरण में तेजी लाने के

डीआर संवाददाता>>सीहोर



कलेक्टर सोनाक्षी सो. ने कुशवाह कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की वितरणोन्मुखी योजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करें।

उद्योग विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वरोजगार योजनाओं में ऋण वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के ऋण प्रकरण तैयार कर बैंकों को भेजे जाएं। समस्त दी बैंक अधिकारियों से समन्वय बना ऋण स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया तीव्र पूर्ण कराई जाए, ताकि युवाओं और अन्य हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने में मदद मिल सके। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समीक्षा कर सभी पात्र श्रमिक परिवारों के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें समय पर आर्थिक सहायता मिल सके।

अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने पात्र हितग्राहियों के आवेदन और स्वीकृति संबंधी कार्यों में तेजी लाने को कहा। वहीं नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए कलेक्टर ने सीएमओ को फटकार लगाई। उन्होंने लंबित निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने और जिम्मेदार प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि कोई भी पात्र रेन्ड विक्रेता योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए बैंकों से सम्मान जन ऋण स्वीकृति और वितरण में तेजी लाई जाए। उन्होंने अमृत योजना 2.0 सहित अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि वास्तविक रूप से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे।

बीएसआई मैदान पर सेकेंड एकलव्य टी-20 क□रपोरेट

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर गुरुवार से एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में सेकेंड एकलव्य टी-20 कॉरपोरेट ट्रॉफी तीन क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हुई। पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। उद्घाटन मैच में अंतिमा इंटरप्राइजेस ने आरएसआई को 2 विकेट से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में रितेश वाहपर ने सुपर हिटर को 4 विकेट से शिकस्त दी।

शुभारंभ अवसर पर अकादमी डायरेक्टर जगदीश चुडासाहा, अतुल तिवारी, वीरा वर्मा, रविन्यर बोध अतुल कुशवाहा, मनोज दीक्षित बाग, महेंद्र शर्मा, अजीत शर्मा, सचिन पोतल मेवाड़ा, गौरव दिवोनिया, मार्क जैन, निर्णायक शिवम दुबे, शिक्षित पांडे और स्कोरर निशिता पिपरकर्म सहित खिलाड़ी मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

"मुदस्सर आलम ने लिए 5 विकेट"

पहले मुकाबले में आरएसआई की टीम 18 ओवर में 96 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नीरज मेहरा ने 27, सेम्सन ने 15 और मोनू ने 13 रन बनाए। अंतिमा इंटरप्राइजेस के मुदस्सर आलम ने 16 रन देकर

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, कार्तिक शुक्ल पक्ष-04-2083 विदिशा,दिन शुक्रवार,दिनांक 13 नवंबर,2026

न्यूज गैलरी

कल विदिशा में दीपावली मिलन, गीत-संगीत संध्या

विदिशा। लेजेन्ड्स इन टाइम्स स्पिरिचुअल दुनिया के तत्वावधान में स्वीकारणी मिलन-गीत संगीतमय कार्यक्रम होगा। आयोजन स्वेड, संगीत, उल्लास पर केंद्रित रहेगा। संस्था के गायक गीत-संगीत की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम की जानकारी अरुण सुथार तोमी करेंगे। मुख्य अतिथि मनोज पांडे रहेंगे। वे मुक्तिधाम सेवा समिति, विदिशा से हैं। कार्यक्रम 14 नवंबर, शनिवार को होगा। समय शाम 6:30 बजे से रहेगा। स्थान रोज पाल्सी हॉल, कृष्णा कॉलोनी, दुर्गा नगर रोड स्टेशन। यह जानकारी संस्था के संयोजक प्रदीप जैन पारस ने दी।

ताड़ली बहनों के खातों में आज आएगी नवंबर की किस्त

विदिशा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को नवंबर 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि शुक्रवार को मिलेगी। मुख्यमंत्री शिवराज के सिंहोर में आयोजित कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेशभर की हितग्राही महिलाओं के खातों में राशि अंतरित करेंगे। जिले में कुल 2 लाख 71 हजार 144 पात्र महिलाओं के खातों में राशि भेजी जाएगी। इसके लिए सभी हितग्राहियों के स्वीकृति आदेश तैयार कर लॉक किए जा चुके हैं। सुनतन आदेश डिजिटल हस्ताक्षर के बाद बैंकों को भेज दिए गए हैं। बैंक स्तर पर भी इन्हें तेजी से जारी किया गया है।

गर्ल्स हॉस्टल का अनाज निजी दुकान पर पहुंचा

विदिशा। शहर के एकीकृत गर्ल्स हॉस्टल से छात्राओं के लिए आने वाला अनाज ऑटो में भरकर निजी दुकान तक पहुंचाने का मामला सामने आया है। वीडियो में बिना किसी रोक-टोक के ऑटो में अनाज निकालकर निजी दुकान तक ले जाया जाता दिख रहा है। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

परिजनों के मुताबिक, ओमप्रकाश कुशवाह को अपनी बहन से टीका लगवाकर घर लौटने थे। इसके बाद वह अपने कमरे में चले गए। काफी देर बाद उनकी मां कमरे में पहुंचीं तो वह अचेत अवस्था में मिले। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस की कार्रवाई, स्टंटकर पटाखे फोड़ने वाले 5 युवकों पर शिकंजा

दीपावली की रात वाहनों से किया था उत्पात, तीन को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

दीपावली के दौरान शहर की सड़कों और चौराहों पर वाहनों से स्टंट करने और पटाखे फोड़कर उत्पात मचाने वाले पांच युवकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। युवकों की इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया और वीडियो के आधार पर उनकी पहचान कर कार्रवाई की। इनमें तीन युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जबकि दो अन्य युवकों के वाहनों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। जिला अस्पताल विदिशा के सामने से गुजरते समय युवकों ने अपनी बाइक पर स्टंट किए। इस दौरान उन्होंने पटाखे फोड़े और तेज रफ्तार में वाहन चलाए। इससे आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। कई लोगों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन युवक नहीं माने। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया।



वीडियो के आधार पर की युवकों की पहचान

मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक रोहित कश्वानी ने कोतवाली पुलिस को संबंधित युवकों को चिन्हांकन कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच कर युवकों की पहचान की। इसके बाद अनुपम सेन निवासी नेताजी आयुष रजावत (24), दीपक निवासी ऋषि ठाकुर (19) और विक्की उर्फ राजा ठाकुर (19) के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने तीनों युवकों को एसडीएम विदिशा के न्यायालय में पेश किया।

दो वाहनों पर 3500 रुपए का जुर्माना

कार्रवाई के दौरान वाहनों के चालान भी काटे गए। पुलिस ने दो वाहनों पर कुल 3500 रुपए के चालान काटे गए।

त्योहारों पर नियमों का पालन करने की अपील

पुलिस की यह कार्रवाई एसपी रोहित कश्वानी के निर्देश तथा एसडीपीओ मोनिका तिवारी और सीएसपी सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। सार्वजनिक स्थानों पर शांति बनाए रखने, वाहनों को धीरे चलाने और दूसरों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों से बचें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की हरकतों पर कार्रवाई की जाएगी।

सोने के गहने चोरी, कर्मचारी ने लाइट बोर्ड में छिपाया था

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

गगनपुरम फाइनेंस लिमिटेड की शाखा से करीब 17 लाख रुपए कीमत के सोने के आभूषण चोरी करने के मामले का विदिशा साइबर पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कंपनी के कर्मचारी सचेत साहू (30) को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने चोरी किए गए गहने अपने घर के लाइट बोर्ड के अंदर छिपा रखे थे। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सभी आभूषण बरामद कर लिए हैं।

थाना प्रभारी राजपाल जाटोन के अनुसार, ग्राम सिरोंदा निवासी सुमन तिवारी ने शिकायत में गोल्ड लोन के बदले सोना गिरवी रखा था। लोन की राशि जमा करने के बाद भी ज्वैलर्स में चुनाव की एंट्री दिखने पर उन्हें संदेह हुआ। पुलिस ने इसमें से सोने की 8 चूड़ियां, 2 झुमके, लॉकेट सहित जेन, एक हार और सोने की एक मोहर बरामद की। बरामद आभूषणों की कीमत करीब 17 लाख रुपए बताई गई है।

35 गांवों में जनविश्वास अभियान शिविर आज

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार 13 नवंबर को सिरोंज तहसील के तीन क्लस्टर ग्यारसपुर, बामौरीकलां और देवरीजागीर के 35 गांवों में शिविर लगाए जाएंगे। इनमें ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की कार्रवाई होगी। ग्यारिया क्लस्टर

35 वर्षीय युवक की मौत, कमरे में मिला सुसाइड नोट्य पुलिस जांच में जुटी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर के तोप्पुल इलाके में 35 वर्षीय अंकलाल सूसाहा की मौत का मामला सामने आया है। युवक की मौत के बाद पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

परिजनों के मुताबिक, ओमप्रकाश कुशवाह को अपनी बहन से टीका लगवाकर घर लौटने थे। इसके बाद वह अपने कमरे में चले गए। काफी देर बाद उनकी मां कमरे में पहुंचीं तो वह अचेत अवस्था में मिले। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

फोटो सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

विदिशा। भारत निर्वाचन आयोग ने सेवा निर्वाचकों से जुड़ी फोटो निर्वाचक नामावली के अंतिम रूप के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 का कार्यक्रम जारी किया है। इस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यालय ने प्रवेश के सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्रकी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर घर सेवा निर्वाचकों के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़े जाएंगे।

कॉलोनाइजर से मारपीट, ऑफिस में तोड़फोड़ कर 3.5 लाख रुपए ले जाने का आरोप

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा



कॉलोनी में शराब पीने से रोकने पर कॉलोनाइजर सुनील गुप्ता के साथ कालोटी और उनके कार्यालय में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। कॉलोनाइजर ने आरोपियों पर कार्यालय से करीब 3.5 लाख रुपए ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मारपीट का वीडियो भी दिखाया।

सुनील गुप्ता के मुताबिक, निखिल यादव अपने दो साथियों के साथ कॉलोनी में शराब पी रहा था। वहां मौजूद महिलाओं ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो युवकों ने अभद्रता की। इसके बाद विवाद बढ़ गया। गुप्ता का आरोप है कि अगले दिन आरोपियों ने बीच सड़क पर उनके साथ मारपीट की।

उन्होंने बताया कि आरोपी बाद में उनके कार्यालय पहुंचे और तोड़फोड़ कर वहां रखे करीब 3.5 लाख रुपए ले गए। गुप्ता के अनुसार, 5 नवंबर को एफआईआर दर्ज कराने के बावजूद सात दिन तक पुलिस जांच के लिए मौके पर नहीं पहुंची।

मामले में सीएसपी ने बताया कि सीसीटीवी और मारपीट का वीडियो मिला है। जांच के बाद वीडियो के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों के दोषी पाए जाने पर विवेचना की जाएगी।

आज 2. 71 लाख लाड़ली के खातों में आएगी राशि

विदिशा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत जिले की 2 लाख 71 हजार 144 पात्र महिलाओं के खातों में 13 नवंबर को नवंबर माह की आर्थिक सहायता राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री ग्राम विकुरी जिले के सिंहोर से आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल सेतुबंध के माध्यम से राशि भेजी जाएगी। इससे पहले 12 नवंबर को लाड़ली बहना योजना के तहत जिले की 2,15,620 और नगरीय निकायों की 54,524 महिलाओं को राशि दी गई थी। सभी हितग्राहियों के भुगतान आदेश बैंक को भेज दिए गए हैं। बैंक स्तर पर भी इन्हें तेजी से जारी किया गया है।

धर्मकांटे पर तौल के बाद नहीं मिले, नापतौल विभाग ने दर्ज किया प्रकरण

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज।



कृषि उपज मंडी से जुड़े धर्मकांटों की गुरुवार को नापतौल विभाग ने जांच की। इस दौरान चुनावी मंडी परिसर स्थित कृष्णा धर्मकांटे पर तौल के लिए खाट नहीं मिलने पर प्रकरण दर्ज किया गया। यही किसानों से निर्धारित दर से अधिक शुल्क वसूलने की शिकायतें भी सामने आई।

नायाब अधिकारी सिटि पीठाधार ने कलेक्टर के निर्देश पर धर्मकांटों की जांच की। सबसे पहले बेगवार स्थित सरल धर्मकांटे की जांच की गई, जहां प्रकाश सही पाया गया। इसके बाद कृष्णा धर्मकांटे पर जांच के दौरान तौल के बाट नहीं मिले।

तौरो पर पहुंचे उपसंचालक ओम नारायण बघेल ने किसानों से बात की। किसान मोहन सिंह और यशीन ने बताया कि धर्मकांटे पर तुअर्द के लिए निर्धारित 25 रुपए की जगह 30 रुपए लिए जा रहे हैं।

इस पर एसडीएम ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दोषी एस अहिरवार को अधिक शुल्क वसूली का प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही धर्मकांटे पर अनियमितता का नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर और संचालक एवं नियुक्ति पत्र उपस्थित नहीं होने की बात कही।

किस्त के मांगने पर विवाद, किसान ने खाया जहरीला पदार्थ

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।



ट्रैक्टर की किस्त जमा करने के लिए एक-दो दिन की मोहलत मांगने पर फाइनेंस और फाइनेंसकर्मियों के बीच विवाद हो गया। परिजनों का आरोप है कि फाइनेंसकर्मी खान से भरी ट्रॉली सहित ट्रैक्टर ले जाने लगे। विरोध करने पर किसान के साथ धक्का-मुक्की और अभद्रता की गई। इसके बाद किसान ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

गंगवा सिंहराय चुंदरी गांव का है। किसान महेशपाल सिंह पैंसा (28) ने ग्राम डिफर ट्रैक्टर फाइनेंस कंपनी का। उसके भाई समशेर सिंह के अनुसार, अब तक चार किस्तें जमा की जा चुकी थीं। अगली किस्त के लिए पांच दिसंबर मुगावल जाने की बात कहते हुए एक-दो दिन का समय मांगा।

गुरुवार को फाइनेंसकर्मी अंकित शर्मा सहित कुछ लोग गांव पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि वे ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जाने लगे। विरोध करने पर किसान के ट्रैक्टर के आगे लेट गया और बाद में जहरीला पदार्थ खा लिया।

डॉक्टरों के अनुसार किसान की हालत फिलहाल स्थिर है। गांव में फाइनेंस कंपनी का यह खेल नहीं आया है।

पदोन्नति की मांग

78 सहकारी कर्मचारियों को एक साल बाद भी नियुक्ति आदेश का इंतजार, 2020 में शुरू हुई थी पदोन्नति प्रक्रिया, विदिशा के कर्मचारियों ने जल्द आदेश जारी करने की मांग

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा



सहकारिता विभाग से जुड़ी सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने बैंकिंग क्षेत्र में पदोन्नति के माध्यम से नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग को लेकर आवाज उठाई है। गुरुवार को कर्मचारियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर लंबित प्रक्रिया जल्द पूरी कराने की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द नियुक्ति आदेश जारी नहीं हुए तो वे काम बंद कर आंदोलन और हड़ताल करेंगे।

सहकारी समितियों कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कटारिया ने बताया कि सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों में से 92 प्रतिशत को पदोन्नति के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र में भर्ती किया जाना है। इसके लिए वर्ष 2020 से आवेदन जारी होने के बाद प्रक्रिया शुरू की गई थी। करीब चार-पांच साल बीतने के बावजूद यह प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

वरिष्ठता सूची जारी, फिर भी नियुक्ति आदेश लंबित

कर्मचारियों के अनुसार, 25 जुलाई 2025 को विदिशा जिले के 78 कर्मचारियों की वरिष्ठता के आधार पर सूची जारी की गई थी। सूची जारी होने के बाद कर्मचारियों को नियुक्ति आदेश मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश के कई अन्य जिलों में पदोन्नति और नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि विदिशा जिले का मामला अब भी लंबित है। इससे संबंधित कर्मचारियों में असंतोष है।

'एक साल बाद भी प्रक्रिया बता रहे लंबित

जिलाध्यक्ष राजेंद्र कटारिया ने कहा कि वरिष्ठता सूची जारी होने के करीब एक साल बाद भी शिकायत स्तर पर चलने को कहना प्रक्रियाओं बताया जा रहा है। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर नियुक्ति आदेश जल्द जारी कराने की मांग की है। उनका कहना है कि लंबे समय से इंतजार कर रहे 78 कर्मचारियों को अब तक नियुक्ति का लाभ नहीं मिल पाया है। मांग पूरी नहीं होने पर कर्मचारी आंदोलन और हड़ताल करेंगे।

4 दिसंबर को भोपाल में होगा गौ सम्मान सम्मेलन, गंजबासौदा में बनाई रणनीति

गौ रक्षा और सेवा को लेकर संतों ने रखे विचार, तीन प्रमुख मांगों के समर्थन में लोगों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा



गौ सम्मान अभियान के तहत गुरुवार को रघुवंशी धर्मशाला परिसर में संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें साधु-संतों और समाज के लोगों ने गौ रक्षा, गौ सेवा और गायों को राष्ट्रमाता घोषित करने के विषय पर चर्चा की। बैठक में 4 दिसंबर 2026 को भोपाल में होने वाले गौ सम्मान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भी गौ कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव रखे। संगोष्ठी में मुख्य रूप से तीन प्रमुख मांगों के समर्थन में लोगों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की गई।

असहाय गायों की ऐसी स्थिति देखकर दुख होता है। उन्होंने गौ सेवा को सभी की नैतिक जिम्मेदारी बताया। वहीं गंज हनुमान मंदिर के महेश्वर दास त्यागी महाराज ने कहा कि गाय पूजनीय है और सभी को उसकी सेवा के लिए आगे आना चाहिए। संगोष्ठी में हस्तक्षर अभियान और जनसंपर्क की योजना पर भी चर्चा हुई। भोपाल में होने वाला सम्मेलन कथावाचक पीठाधीश्वर द्वारकाचार्य श्री राजेन्द्र दास महाराज की अगुवाई में आयोजित होगा। अभियान के तहत गौहत्या पर देशव्यापी प्रतिबंध, गाय को राष्ट्रीय उत्तरदायित्व घोषित करने और गौ सेवा के लिए केंद्रीय मंत्रालय बनाने सहित केंद्रीय कानून लागू करने की मांग उठाई गई।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

कार्तिक शुक्ल पक्ष-04-2083

राजगढ़,दिन शुक्रवार,दिनांक 13 नवंबर,2026

न्यूज गैलरी

समझौते की बैठक के दौरान हिंसक झड़प

राजगढ़। मुंगावली थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव में चूल्हे विवाद को सुलझाने के लिए बुलाई गई बैठक में मारपीट हो गई। मंदिर के पास बातचीत के दौरान विवाद बढ़ने पर आरोपी सुल्तान सिंह गौरीशंकर और पीड़ित भाई भंगिया ने उपलब्ध होते और गंभीरतापूर्वक और उसकी पत्नी राजनी बाई पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से गंभीर रूप से घायल दंपति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उधारी के पैसों को लेकर विवाद, दो भाइयों को पीटा

अशोकनगर। चंदेरी थाना क्षेत्र के ग्राम ओहरी में हैंडपंप पर पानी पी रहे सुरेंद्र लोधी पर उधारी के पैसों को लेकर आरोपियों ने हमला कर दिया। आरोपी महेश नामदेव और अंकित नामदेव ने अपशब्द बोलते हुए सुरेंद्र और उसे बचाने आए उसके भाई विष्णु की मारपीट कर दी। मारपीट में दोनों भाई घायल हो गए। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

10वीं–12वीं के डमी एडमिट कार्ड जारी, 31 दिसंबर तक सुधार सकेंगे त्रुटियां

राजगढ़। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के डमी एडमिट कार्ड आधिकारिक पोर्टल पर जारी कर दिए हैं। विद्यार्थी इनमें नाम, जन्मतिथि, विषय और परीक्षा माध्यम सहित सभी जानकारियों की जांच कर सकेंगे। किसी प्रकार की गलती मिलने पर निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन सुधार कराया जा सकेगा। यह प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी करना अनिवार्य है। स्कूल प्रधानों को भी कार्ड की जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद ऑनलाइन घोषणा पत्र जमा करना होगा। घोषणा पत्र सबमिट होने के बाद ही विद्यार्थियों के मूल एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जा सकेंगे।

श्री लक्ष्मीकांत भगवान को अर्पित किए 56 भोग

राजगढ़। दीपावली के बाद अन्नकूट उत्सव की धार्मिक परंपरा के तहत सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मीकांत भगवान मंदिर में अन्नकूट एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री लक्ष्मीकांत का आकर्षक शृंगार कर उन्हें विभिन्न प्रकार के पकवानों और व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर में सजे छप्पन भोग के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन में भगवान के समक्ष विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, नमकीन, फल, पकवान और अन्य व्यंजनों की आकर्षक सजावट की गई।

पांचों विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची जारी, अब 11.46 लाख मतदाता दर्ज

11 दिसंबर तक नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए लिए जाएंगे दावे-आपत्तियां 4 जनवरी 2027 को होगा

डीआर संवाददाता ब्यावरा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष सघन पुनरीक्षण-2027 के तहत राजगढ़ जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 11 लाख 46 हजार 244 हो गई है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन कराने के लिए 11 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

इस संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें मतदाता सूची के प्रकाशन, पुनरीक्षण कार्यक्रम, मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण और बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सहित निर्धारित समयी विषयों पर जानकारी दी गई।

21–22 नवंबर और 5–6 दिसंबर को लगेंगे विशेष शिविर

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए 21 और 22 नवंबर तथा 5 और 6 दिसंबर को विशेष शिविर आयोजित होंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

मतदाता में सबसे ज्यादा 2.38 लाख मतदाता

ब्रह्मपुर सूची के अनुसार जिले में 5 लाख 92 हजार 402 पुरुष, 5 लाख 53 हजार 836 महिला और 6 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जिले का जेंडर रेशियो 935 और ईपी रेशियो 99.54 दर्शाया है। 23 दिसंबर 2025 से 12 नवंबर 2026 के बीच कुल 38,823 नए मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई है।

विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की स्थिति इस प्रकार है:-

- खातेड़ा में 2,38,564
- नारकिंडपुर में 2,37,758
- शिवगढ़पुर में 2,30,813
- राजगढ़ में 2,30,287
- सारंगपुर में 2,06,246

14,715 युवा मतदाता और 14,335 दिव्यांग पंजीकृत

जिले की मतदाता सूची में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 14,715 युवा मतदाता दर्ज हैं। इसी 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग में 2,72,218 और 30 से 39 वर्ष आयु वर्ग में 2,73,785 मतदाता शामिल हैं। जिले में कुल 14,335 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 8,925 पुरुष और 5,140 महिला मतदाता हैं। निर्वाचक लेकर नामिकाएं में 3,417, राजगढ़ में 3,277, शिवगढ़पुर में 2,915, खातेड़ा में 2,728 और सारंगपुर में 2,098 दिव्यांग मतदाता हैं।

तीन नए मतदान केंद्र प्रस्तावित

मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत जिले में घटाने 1,468 मतदान केंद्र सम्मिलित थे। अब तीन नए केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें खातेड़ापाल में एक और शिवगढ़पुर में दो केंद्र शामिल हैं। इससे जिले में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 1,471 हो जाएगी। खातेड़ा, राजगढ़ और सारंगपुर में जिले की सर्वाधिक संख्या में 1,200 से अधिक मतदाता नहीं होने पर स्थान पर नए केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं।

राजनीतिक दलों से बीएलए नियुक्त करने की अपील

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची और मतदान केंद्रों की सूची जी हार्ड कॉपी तथा फोटो रहित डीवीडी उपलब्ध कराई गई। कलेक्टरेट ने सभी दलों से अपने मान्यता केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील की। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र युवाओं के नाम जुड़वाने के लिए फ्रार्म-6, नाम हटवाने के लिए फ्रार्म-7 और संशोधन के लिए फ्रार्म-8 के उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया। पात्र पुया। जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को अर्हता तिथि के आधार पर पंजीयन करा सकते हैं।

दीपावली अवकाश के बाद खुली ब्यावरा मंडी, सोयाबीन 7551, गेहूं 3501 रुपए क्विंटल बिका

डीआर संवाददाता ब्यावरा



दीपावली के छह दिन के अवकाश के बाद गुरुवार को कृषि उपज मंडी खुली तो किसानों को अच्छे भाव की सौगात मिली। शुभ मुहूर्त में हुई पहली नीलामी में सोयाबीन 7551, गेहूं 3501 और मक्का 2975 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। तीनों प्रमुख फसलों के भाव में तेजी के चलते मंडी के तीनों टीनशेड सुबह ही किसानों के वाहनों से भर गए। पहले दिन करीब 5 हजार क्विंटल अनाज की आवक दर्ज की गई।

अवकाश बेचने के लिए किसान कुलदार होने से ही मंडी पहुंचने लगे थे। अच्छे भाव मिलने की जानकारी दुना और पिपिया जिले तक पहुंची तो वहां से भी किसान अपनी उपज लेकर ब्यावरा पहुंचे। व्यापारियों ने पूजन के बाद शुभ मुहूर्त में नीलामी शुरू की। छह दिन बाद मंडी खुलने और अच्छे दाम मिलने से किसानों में उत्साह रहा।

भावांतर योजना से ज्यादा मिल रहे मंडी में दाम

सोयाबीन का अधिकतम भाव 7551 रुपए पहुंचने से किसानों को भावांतर योजना के तहत मिलने वाली राशि की जरूरत महसूस नहीं हो रही है। किसान सीधे मंडी में उपज बेचकर बेहतर कीमत प्राप्त कर रहे हैं। मंडी सचिव गंगाराम सोलंकी के अनुसार, पहले दिन सुनन के अभाव में आवक कम रही। शुक्रवार से आवक बढ़ने और प्रतिदिन 10 हजार क्विंटल से अधिक अनाज आने की संभावना है।

पार्किंग व्यवस्था बनी परेशानी

भाव बढ़ने से मंडी में किसानों की भीड़ बढ़ रही है, लेकिन पार्किंग की अव्यवस्था परेशानी का कारण बन रही है। किसानों के अनुसार, 1500 वाहनों की क्षमता वाले परिसर में आठ–तिपहिये वाहन खड़े होने से करीब 500 वाहनों में ही जगह बच पाती है। इससे अन्य किसानों को वाहन खड़े करने में दिक्कत होती है और कई बार विवाद की स्थिति भी बनती है।

सफाई करने को कहा तो देवरानी भड़की, देवर के साथ मिलकर जेठानी से मारपीट

डीआर संवाददाता ब्यावरा।

घर की साफ-सफाई करने की बात कहना एक महिला को भारी पड़ गया। आरोप है कि देवरानी ने अपने पति के साथ मिलकर जेठानी से मारपीट की और दोबारा सफाई करने से रोकने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता ने अब सिटी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस को दी गोविंद निवासिता में शिवचरण पिता हरिनारायण रघुवंश बोहल्ला मंदिर के पास निवासी किरण पत्नी निर्मल शिवचरण (28) ने बताया कि 5 नवंबर को शाम करीब 4:30 बजे उसने अपनी देवरानी पैना बाई से घर की छत-सफाई करने के लिए कहा था। इस बात पर पैना बाई नाराज हो गई और गाली-गलौज करने लगी। इसी दौरान देवर सोनू भी वहां पहुंच गया और वह भी विवाद करने लगा।

आरोप है कि विवाद करने पर देवर और देवरानी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। जिससे उसके गाल, सीने और पैर में चोटें आईं। चोटें लगने के बाद पीड़िता ने साफ कह दिया कि वह अब घर में काम नहीं करेगी। इस बात पर देवरानी भड़क गई और उसने पीड़िता को धमकी दी कि दोबारा सफाई करने के लिए कहा तो जान से खत्म कर देंगे। पीड़िता ने बताया कि घटना के दिन घर के लोगों ने बीच-बचाव किया, तब जाकर मामला शांत हुआ। इसके बाद आरोपी देवर-देवरानी वहां से चले गए।

सिंधिया ने चंदेरी विधायक की मां को दी श्रद्धांजलि, परिवार से मिलकर जताई संवेदना

डीआर संवाददाता अशोकनगर



केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा ज्योतिरादित्य सिंधिया सोमवार को अशोकनगर जिले के अशोकेश्वर गांव पहुंचे। वहां उन्होंने चंदेरी विधायक जयवर्धन सिंह रघुवंशी की मां उर्मिला बाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वृद्धा बाई का 106 वर्ष की उम्र में निधन हुआ था।

सिंधिया ने उनके निवास पर पहुंचकर पुष्प अर्पित किए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने विधायक जयवर्धन सिंह रघुवंशी और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सिंधिया काफी देर तक परिवार के बीच मौजूद रहे।

उनके आगमन को लेकर गांव में प्रशासन की ओर से पहले ही आवश्यक तैयारियां कर ली गई थीं। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी व्यवस्था संभालने के लिए गांव पहुंचे थे।

इस अवसर पर मुंगावली विधायक कुंवेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सिकरी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, कलेक्टर सलकेत भालपीय और पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंघा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

सिंधिया के इस दौरे को विधायक के परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने की औपचारिक मुलाकात के रूप में देखा गया।

भाजपा का दीपावली मिलन समारोह आज

नरसिंहगढ़। भाजपा का दीपावली मिलन समारोह शुक्रवार को सुबह 11 बजे सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया जाएगा।

समारोह को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए मंगलवार को विधायक सोहन शर्मा के कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं और आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

रु खाते से दूसरा मोबाइल नंबर लिंक कर 1.65 लाख की ठगी, भाई-बहन गिरफ्तार

डीआर संवाददाता राजगढ़।

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी 55 वर्षीय गंगाबाई रावेदिया के बैंक खाते से बिना जानकारी के 1 लाख 65 हजार 807 रुपए निकालने के मामले में पुलिस ने इंदौर से आरोपी भाई-बहन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 90 हजार रुपए रिकवर किए हैं, जबकि करीब एक हजार रुपए एसबीआई गोपाल के माध्यम से होल्ड कराए हैं।

17 सितंबर को गंगाबाई ईज ऑफ इंडिया की शाखा में खाते से 50 हजार रुपए निकालने पहुंचीं। बैंक स्टेटमेंट देखने पर उन्हें खाते से रुपए निकाले जाने की जानकारी मिली। जांच में सामने आया कि उनके खाते से बिना अनुमति एक अनजान मोबाइल नंबर लिंक किया गया था। इसी नंबर के जरिए रुपयेआई से अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर की गई।

शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस और साइबर टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इंदौर निवासी रोहित गौड़ (31) और उसकी बहन काजल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में रोहित ने स्वीकार आधी खाता और अन्य लोगों के खातों में भेजने की बात बताई। पुलिस अब अन्य खातों और इस मामले में जुड़े लोगों की जांच कर रही है। कार्रवाई एएसपी अंकित लोलानी के निर्देश पर थाना प्रभारी मंजू नरवरिया के नेतृत्व में की गई।

अवैध जल कनेक्शनों पर कार्रवाई, छह पाइपलाइन काटीं

डीआर संवाददाता ब्यावरा



शहर में पेयजल सप्लाई प्रभावित होने की शिकायतों के बाद नगर पालिका ने पुलिस बल के साथ अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई की। गुरुवार को पीपलखेल, जयसिंह और मोतीखेड़ी गांव में टीम ने जांच कर छह अवैध कनेक्शन काट दिए।

दरअसल, ब्यावरा के प्रमुख जलप्रदाय मुख्यालय जेल से शहर तक आने वाली मुख्य पेयजल पाइपलाइन से कुछ लोगों ने अवैध कनेक्शन कर रखे थे।

इसके लिए जमीन के अंदर अवैधपाइप पाइपलाइन बिछाई गई थी। कुछ स्थानों पर पुलिस के पंपों से भी पाइप निकालकर पानी लिया जा रहा था। इस वजह से जल प्रदाय योजना के अंतिम छोर तक आने वाली मुख्य पेयजल पाइपलाइन में कुछ लोगों ने अवैध कनेक्शन कर रखे थे।

इसके लिए जमीन के अंदर अवैधपाइप पाइपलाइन बिछाई गई थी। कुछ स्थानों पर पुलिस के पंपों से भी पाइप निकालकर पानी लिया जा रहा था। इस वजह से जल प्रदाय योजना के अंतिम छोर तक आने वाली मुख्य पेयजल पाइपलाइन में कुछ लोगों ने अवैध कनेक्शन कर रखे थे।

होने की शिकायतों के बाद सीएमओ इकबाल अहमद के निर्देश पर कार्रवाई की गई। जल शाखा प्रभारी लोचा यादव ने बताया कि छह कनेक्शन हटाए गए हैं। रीडरओं ने चेतावनी दी कि दोबारा अवैध कनेक्शन मिलने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

पत्रकार वार्ता

अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने आयोजित की पत्रकारवार्ता

जनजातीय गौरव दिवस पर जिले में निकलेगा सांस्कृतिक जुलूस, 15 नवंबर को मुख्य आयोजन

डीआर संवाददाता अशोकनगर



सरकार जिला गुंडा की जयंती 15 नवंबर को जिले में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश के प्रत्येक जिले में 2 से 3 किलोमीटर लंबा सांस्कृतिक जुलूस निकाला जाएगा, जिसका समापन रैली के रूप में होगा। जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपराओं और लोक कलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 11 से 18 नवंबर तक जनजातीय गौरव सप्ताह आयोजित किया जा रहा है।

अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने गुरुवार को होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को प्रदेश स्तरीय मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री के साथ केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री शामिल होंगे।

2021 में हुई थी शुरुआत

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने वर्ष 2021 में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया था। इसके बाद से हर साल इस दिन जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और सांस्कृतिक विरासत को याद किया जाता है।

उन्होंने बताया कि गौरव सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय नायकों और नायिकाओं के योगदान को सम्मान दिया जाएगा। इसके तहत प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, चौराहों और पार्कों के नाम जनजातीय नायकों के नाम पर रखने की योजना है। इसके अलावा प्रत्येक ग्राम के एक प्रमुख स्थान में जनजातीय नायक और नायिकाओं की प्रतिमाएं स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

समावेशी विकास पर जोर

कार्यक्रम जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार जनजातीय समाज के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं। जनजातीय गौरव सप्ताह के आयोजन से समाज की संस्कृति और परंपराओं को नई पहचान मिलेगी तथा नई पीढ़ी को जनजातीय महापुरुषों के योगदान की जानकारी मिलेगी।

पत्रकारवार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह, विधायक कुलदीप सिंह यादव, नगर पालिक अध्यक्ष नीलम मलैनिया सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

धनपाल रजक की मौत के मामले में पांच गिरफ्तार युवकों के परिजनों ने उठाए सवाल, मजिस्ट्रियल जांच की मांग

डीआर संवाददाता अशोकनगर



पैराहत थाना क्षेत्र के हैदर गांव में जून में हुई धनपाल रजक की मौत के मामले में गिरफ्तार पांच युवकों के परिजनों ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। गुरुवार को परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष मजिस्ट्रियल जांच कराने की मांग की।

ज्ञापन के अनुसार, 14 जून 2026 को धनपाल रजक का शव नदिया के पास एक गड्ढे में मिला था। इसके बाद परिजन शव को पुलिस को सुपुर्द किए बिना ओटो से अशोकनगर ले आए और जिला अस्पताल के सामने चक्काजाम किया था। अधिकारियों की समझाइश के बाद जाम खुलवाया गया था।

परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने घटना के बाद सचिन अहिरवार, आशीष अहिरवार, रजनीश अहिरवार, बहादुर अहिरवार और नीरज अहिरवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। बयान दर्ज करने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया, लेकिन 6 नवंबर को चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना के समय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गवाहों जांच नहीं की और बयानों के बयान भी दर्ज नहीं किए। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत संदिग्ध मौत की जांच तथा धारा 175 और 176 के प्रावधानों के अनुसार दोबारा निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही शव को गांव से अशोकनगर लाने और ओटो की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है।